कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 135 /11–सी–FP/UP/Rail/47261/2020, लखनऊ, दिनांकः जुलाई 12 2021

सेवा में,

वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

विषयः– जनपद–एटा के अर्न्तगत एटा रेलवे स्टेशन से 2 ग 660 वाट जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना तक (19.603 किमी0) में प्रस्तावित नये रेल नेटवर्क के निर्माण के लिए प्रेषित प्रस्ताव में एटा वन प्रभाग की प्रभावित होने वाली (0.3683 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं 3.8386 हे0 आरक्षित वनभूमि) कुल 4.2069 हे0 भूमि का गैर प्रयोग में 05 वृक्ष एवं 228 पौधे/झाड़ी के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।प्रस्ताव FP/UP/Rail/47261/2020

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–140/14–1, दिनांक 09.07.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–2599/11सी FP/UP/Rail/47261/2020 दिनांक 09.04.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयगत प्रकरण में इस कार्यालय के संदर्भित पत्र द्वारा कमियों के निराकरण हेतु पत्र आपको प्रेषित किया गया था, जिसका इस कार्यालय में परीक्षण किया गया है जिसमें परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव में पुनः निम्नलिखित कमियॉ/अभिलेखों का आभाव पाया गया:–

1– प्रस्ताव के साथ पुनः इको क्लास के अनुसार एन0पी0 वी0 की गणना त्रुटिपूर्ण की गयी है। अतः सही गणना संलग्न करें।

2– ऑनलाईन भाग–2 कमांक–13 (iv) में पुनः क्षतिपुरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन अपलोड नहीं किया गया है। अतः ऑनलाईन–2 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन अपलोड कर धनराशि भी फीड करें।

उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर, सम्बन्धित अभिलेखों को प्रस्ताव में संलग्न करते हुए सशोधित प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रस्ताव की 03 मूल प्रतियॉ इस कार्यालय से अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 135/11–सी FP/UP/Rail/47261/2020, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, एटा।

2– अधीक्षण अभियन्ता, जनपद निर्माण–द्वितीय, 2x660 मेगावाट जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना, जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, मलावन, एटा (उ0प्र0)।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

0((